भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 285 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 21 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# बालोतरा HPCL रिफाइनरी में भीषण आग, उद्घाटन से एक दिन पहले बड़ा हादसा

## कच्चे तेल की प्रोसेसिंग यूनिट में लगी आग, 3 घंटे में काबू; पीएम का दौरा स्थगित

**भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर ।**



बालोतरा जिले के पचपदरा क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की बहुप्रतीक्षित रिफाइनरी में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। यह हादसा उस समय हुआ जब अगले ही दिन रिफाइनरी का उद्घाटन प्रस्तावित था।

जानकारी के अनुसार, आग दो प्रमुख यूनिट क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट (CDU) और वैक्यूम डिस्टिलेशन यूनिट (VDU) में लगी, जहां कच्चे तेल को प्रोसेस किया जाता है। यूनिट से धुआं उठते ही कर्मचारियों ने तत्काल फायर सेफ्टी सिस्टम सक्रिय किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीमों ने करीब 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

घटना के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र को एहतियातन खाली करा लिया गया। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि, यूनिट से लगातार उठती लपटों ने कुछ समय के लिए हालात गंभीर बनाए रखे।

इस हाई-प्रोफाइल परियोजना का उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना था, लेकिन हादसे के बाद उनका दौरा स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, नुकसान और आग लगने के सटीक कारणों का आकलन किया जा रहा है।

एचपीसीएल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शुरुआती जांच में हीट एक्सचेंजर सर्किट में किसी वाल्व या फ्लैंज से हाइड्रोकार्बन के रिसाव की आशंका जताई जा रही है, जिससे सीडीयू सेक्शन में आग भड़क उठी।

करीब 79,459 करोड़ रुपये की लागत से 4500 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस विशाल रिफाइनरी को राजस्थान की सबसे बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में गिना जा रहा है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 9 मिलियन टन कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता विकसित की गई है।

इस परियोजना में एचपीसीएल की 74% और राजस्थान सरकार की 26% हिस्सेदारी है। रिफाइनरी के लिए कच्चा तेल गुजरात के मुंद्रा पोर्ट से लगभग 487 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के माध्यम से लाया जाना प्रस्तावित है।

परियोजना का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, जबकि व्यावसायिक उत्पादन जुलाई 2026 से शुरू करने की योजना थी।

# अवध एक्सप्रेस में बिगड़ी तबीयत, कोटा में युवक की मौत

## सूरत से गोरखपुर लौट रहा था 20 वर्षीय युवक, एमबीएस अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित ।** अवध एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की तबीयत अचानक बिगड़ने से कोटा में मौत हो गई। सूरत से गोरखपुर अपने घर लौट रहे 20 वर्षीय युवक को गंभीर हालत में ट्रेन से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण बीमारी माना जा रहा है।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी संदीप कुमार (20) के रूप में हुई है, जो सूरत की एलएनटी कंपनी में हेल्पर के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, संदीप पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। तबीयत में थोड़ा सुधार होने पर उसका चचेरा भाई विक्की उसे घर छोड़ने के लिए सूरत से लेकर रवाना हुआ था।

बताया जा रहा है कि सूरत स्टेशन पर ही संदीप की तबीयत ठीक नहीं थी, इसके बावजूद दोनों अवध एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हो गए। ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण सफर के दौरान उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। कोटा पहुंचने पर संदीप की हालत नाजुक होने पर उसे ट्रेन से उतारा गया और आराम दिलाने का प्रयास किया गया। परिजनों की योजना थी कि उसे रविवार शाम को दूसरी ट्रेन से आगे गोरखपुर भेजा जाएगा, लेकिन इसी दौरान उसकी तबीयत और बिगड़ गई।

हालत गंभीर होने पर संदीप को खून की उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद तत्काल उसे कोटा के एमबीएस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मौत का कारण बीमारी प्रतीत हो रहा है, हालांकि विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# गुरुग्राम में पत्नी की हत्या कर युवक ने की आत्महत्या, 6 साल का बेटा बना गवाह

## अलवर के दंपती में घरेलू विवाद के बाद वारदात, 10 साल पहले हुई थी लव मैरिज

**भीलवाड़ा फोकस @ अलवर ।**

गुरुग्राम के सेक्टर-9 इलाके में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।


मृतक दीपक कुमार (30) राजस्थान के अलवर जिले के सूर्य नगर खुदनपुरी का निवासी था, जबकि उसकी पत्नी सोनम बाई (28) बगड़ तिराहा के पास जुगरावर गांव की रहने वाली थी। दोनों ने करीब 10 साल पहले प्रेम विवाह किया था और गुरुग्राम में किराए के मकान में अपने 6 वर्षीय बेटे के साथ रह रहे थे।

घटना के समय बच्चा दूसरे कमरे में खेल रहा था। जब वह कमरे में आया तो उसने अपने पिता को फंदे पर लटका हुआ देखा और मां को अचेत अवस्था में पाया। घबराकर वह पड़ोसियों के पास गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक ने शराब का सेवन किया हुआ था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जो हिंसक रूप ले बैठा। गुस्से में आकर दीपक ने पत्नी की हत्या कर दी और बाद में खुद भी जान दे दी।

दीपक पेशे से टैक्सी ड्राइवर था, जबकि सोनम एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। पुलिस ने मामले को पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया है और आगे की जांच जारी है।

सोनम के पिता ने आरोप लगाया कि दीपक पहले भी उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था। वहीं, मृतक के भाई ने घटना पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उन्हें विवाद की जानकारी नहीं थी



# ई-रिक्शा चालक का अपहरण कर दी अमानवीय वाली यातनाएं, नग्न कर पिलाया यूरिन,पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( पुनित चपलोत )** शहर में मानवता को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक ई-रिक्शा चालक का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर उसे बंधक बनाया गया और फिर उसके साथ वो दरिंदगी की गई जिसे सुनकर किसी की भी रूह कांप जाए। आरोपियों ने न केवल युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उसे नग्न कर पेशाब (यूरिन) पिलाने जैसी घिनौनी हरकत भी की।

### समाज के नाम पर बुलाया और कर लिया अगवा

पीडित सीताराम तेली निवासी गोराजी का निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, हाल निवासी जयपुर ने भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक को दी रिपोर्ट में बताया कि यह खौफनाक खेल 3 अगस्त 2025 को शुरू हुआ। सीताराम जयपुर में ई-रिक्शा चलाता है। उसे समाज के जान-पहचान वाले लोगों ने 'समाज के लोग आए हैं' कहकर एसएमएस अस्पताल के गेट नंबर 1 पर बुलाया। वहां से 6 लोग उसे बहला-फुसाकर चाय नाश्ते के बहाने गाड़ी में बैठाकर जयपुर से दूर ले गए।

### निर्वस्त्र कर बनाया वीडियो, प्राइवेट पार्ट पर डाली मिर्च

पीडित का आरोप है कि आरोपी उसे आसींद ले गए, जहां रात के अंधेरे में उसके साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी गईं। आरोपियों ने सीताराम को पेड़ से बांधा, उसके कपड़े उतारकर उसे नग्न किया और प्राइवेट पार्ट पर मिर्ची डाल दी। इतना ही नहीं, दरिंदों ने उसे जबरन यूरिन पिलाया और इस पूरी घिनौनी करतूत का वीडियो भी बनाया। आरोपियों ने चाकू की नोक पर उससे मनमाफिक बयान दिलवाए और लूटपाट भी की।

### सोशल मीडिया पर नग्न वीडियो वायरल कर दी धमकी

सीताराम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसके व्हाट्सएप ग्रुपों पर कब्जा कर लिया। आरोपी अब उसके नग्न वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की मांग कर रहे हैं। पीडित का कहना है कि उसने पूर्व में समाज के भीतर अफीम और अवैध नशे के खिलाफ आवाज उठाई थी, इसी रंजिश के चलते उसे यह तालिबानी सजा दी गई है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल, अब न्याय की गुहार

हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद पीडित के दोस्त ने शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई न होने से हौसलाबुलंद आरोपियों ने पीडित के कुछ आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिए हैं। अब पीडित ने भीलवाड़ा एसपी की शरण लेकर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और न्याय की मांग की है।

# कोटा ग्रामीण में नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई: 41 किलो डोडा चूरा बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार







**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**( गर्वित ) ।** ग्रामीण पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 41 किलो 680 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6.25 लाख रुपए बताई जा रही है।


जानकारी के अनुसार, पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बेलेनो कार को भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जोधपुर जिले के बुचेटी निवासी चेतन (32) और सालवा कलां निवासी सुनील (25) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय थे।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि जिले में चल रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन रूट क्लियरेंस' के तहत यह कार्रवाई की गई। बपावर कलां थाना प्रभारी सुरेश मीणा के नेतृत्व में गठित टीम को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर सांगोद चौराहे पर नाकाबंदी की गई थी।

नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध बेलेनो कार को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और खानपुरा तिराहे के पास कार को घेरकर रोक लिया। तलाशी लेने पर वाहन से बड़ी मात्रा में डोडा चूरा बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। अधिकारियों में बताया की इस मामले में जुड़े अन्य लोगों और पूरे तस्करी नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अभियान के तहत आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाल विवाह पर प्रशाशन की सख्ती: 4 नाबालिगों की शादी रुकवाई



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

अक्षय तृतीया के साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो चुका है और चारों ओर मांगलिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। इसी बीच बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए जहाजपुर तहसीलदार के आदेश पर प्रशाशन एवं शक्करगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से

थाना क्षेत्र के ग्राम खेजड़िया जोजर में बाल विवाह की सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए गिरदावर नन्द सिंह व पटवारी इस्लाम मोहम्मद के साथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 4 नाबालिग बालिकाओं का विवाह रुकवाया। प्रशाशन ने मौके पर मौजूद परिजनों को समझाइश देते हुए सख्त हिदायत दी और भविष्य में बाल विवाह नहीं करने के लिए पाबंद किया। थाना प्रभारी मीणा के अनुसार, दुर्गालाल (पुत्र कल्याण बलाई), कालु (पुत्र भंवरलाल बलाई) एवं प्रहलाद (पुत्र भंवरलाल बलाई) निवासी खेजड़िया जोजर द्वारा नाबालिग बालिकाओं के विवाह की तैयारी की जा रही थी, जिसे समय रहते रोक दिया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्पष्ट संदेश गया है कि बाल विवाह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर भीलवाड़ा पुलिस सख्त, 16 लोगों को किया पाबंद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर भीलवाड़ा पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए जागरूकता अभियान चलाया और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 16 व्यक्तियों को पाबंद किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी राजस्थान, जयपुर के निर्देशों की पालना में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। अक्षय तृतीया एवं पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों पर बाल विवाह की संभावना अधिक रहने के मद्देनजर जिले के सभी थानाधिकारी एवं वृताधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए थे।इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मामलों में व्यक्तियों को पाबंद किया गया। थाना बडलियास में 2, थाना सदर में 5, थाना गांधीनगर में 2, थाना बिगोद में 2, थाना माण्डलगढ़ में 2 तथा थाना शक्करगढ़ में 3 व्यक्तियों को पाबंद किया गया।

पुलिस द्वारा आमजन को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि यह सामाजिक कुरीति न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए भी घातक है। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है।

# स्पीड ब्रेकर पर दो वाहनों के बीच फंसी वैन, बड़ा हादसा टला

## हाईवे 758 पर सोपुरिया चौराहे की घटना, गनीमत रही कोई हताहत नहीं



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** नेशनल हाईवे 758 पर सोपुरिया (कुड़ी) चौराहे के पास स्पीड ब्रेकर पर एक मारुति वैन दो वाहनों के बीच फंस गई, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार, हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकर पर आगे चल रहे ट्रेलर की गति अचानक धीमी हो गई। इसी दौरान पीछे आ रही मारुति वैन संतुलन खो बैठी और ट्रेलर व पीछे चल रही दूसरी गाड़ी के बीच फंस गई। स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई प्यार चंद खटीक ने बताया कि स्पीड ब्रेकर के कारण ट्रेलर की रफ्तार कम होने से पीछे चल रही वैन बीच में आ गई थी, जिससे दुर्घटना की स्थिति बन गई थी।

हालांकि, समय रहते स्थिति संभल गई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात को सुचारू करवाया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर सवाईपुर व ढेलाणा में अतिक्रमण हटाया, होर्डिंग-बोर्ड हटाए

## एनएचएआई की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप, नोटिस के बाद चला अभियान





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर सवाईपुर व ढेलाणा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बोर्ड और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, प्राधिकरण ने पूर्व में सवाईपुर चौराहा एवं ढेलाणा चौराहा स्थित दुकानदारों को नोटिस जारी कर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर सोमवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए सवाईपुर चौराहे पर नाले और सड़क के बीच लगभग 15 मीटर के दायरे में किए गए अतिक्रमण को हटाया।

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने दुकानों के बाहर रखा सामान और होर्डिंग जल्दबाजी में समेटना शुरू कर दिया। वहीं ढेलाणा चौराहे पर भी सड़क किनारे लगे बोर्ड व होर्डिंग हटाए गए।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और राजमार्ग क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अफीम तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 15 हजार का इनामी था शातिर आरोपी

## दो अलग-अलग मामलों में वांछित सप्लायर शिवराज जाट पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना पुर एवं डीएसटी भीलवाड़ा ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 15 हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो अलग-अलग अफीम तस्करी मामलों में फरार चल रहा था।

पुलिस ने बताया की पहले मामले में 25 मार्च 2026 को माण्डल चौराहे के पास सर्विस रोड पर नाकाबंदी के दौरान मुकेश कुमार ढोली (25) निवासी तुम्बड़िया, थाना साडास (चित्तौड़गढ़) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.058 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई थी। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

वहीं दूसरे मामले में 14 अप्रैल 2026 को भीलवाड़ा से गंगानगर जा रही थार ट्रेवल्स की बस में सवार देवीलाल गाडरी (31) निवासी तुम्बड़िया, थाना साडास के पास से 2.084 किलोग्राम अफीम जब्त की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अफीम सप्लायर के रूप में शिवराज जाट निवासी मालखेड़ा का नाम उजागर किया था।

दोनों मामलों में वांछित शिवराज जाट की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था और शातिर अफीम तस्कर बताया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी शिवराज जाट से पूछताछ जारी है। पुलिस को उससे अफीम तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य अहम सुराग मिलने की उम्मीद है।

# चंद्रशेखर आजाद नगर गुरुद्वारे में खालसा सृजना दिवस की धूमः बैसाखी पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े सिक्ख समाज द्वारा खालसा सृजना दिवस और बैसाखी का पर्व चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रातः 9 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश के साथ दीवान सजाए गए। संगत ने सामूहिक रूप से श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ किए। इसके पश्चात आयोजित कीर्तन दीवान में ज्ञानी करनैल सिंह जी एवं



सुखबीर सिंह जी के जत्थे ने मधुर गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल कर दिया। खालसा अकाल पुरख की फौज, प्रगटयो खालसा परमातम की मौज के जयघोष के बीच ज्ञानी जी ने खालसा पंथ के गौरवमयी इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सन् 1699 में आज ही के दिन दशमेश पिता श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने पांच प्यारों को अमृतपान करवाकर और फिर स्वयं उनसे अमृत छक कर खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु साहब ने ऊंच-नीच और जातिवाद का भेदभाव मिटाकर समाज में भक्ति और शक्ति का नया संचार किया।

खालसा पंथ को मजलूमों की रक्षा और गरीबों की सेवा के लिए एक विशिष्ट पहचान दी गई। गुरुद्वारा साहिब के प्रतिनिधि बेअंत सिंह ने जानकारी दी कि सुबह 7 बजे से ही लंगर सेवा प्रारंभ हो गई थी, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने उत्साह के साथ अपनी सेवाएं दीं। दोपहर 1 बजे सामूहिक अरदास की गई, जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को बैसाखी पर्व की लख-लख बधाइयां दीं।

# पेयजल व्यवस्था में लापरवाही पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को चार्जशीट देने के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय विशेष पाइपलाइन लीकेज एवं हैंडपंप सुधार अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत जिले के 11 उपखण्डों में कुल 56 ग्रामों को चिन्हित कर वहां पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत एवं हैंडपंपों के सुधार कार्य प्राथमिकता से संपादित किए गए। इस विशेष अभियान के दौरान जिला कलक्टर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित सभी उपखण्ड अधिकारियों तहसीलदारों एवं पीएचडी के अधिकारी कर्मचारियों ने शनिवार एवं रविवार को संबंधित ग्रामों का दौरा कर जमीनी स्तर पर कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर ही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान समर कंटीजेंसी प्लान, जल जीवन मिशन तथा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

अभियान के तहत जिला कलक्टर द्वारा चित्तौड़गढ़ शहर स्थित 15 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



QUICK BITES

## अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई, गर्मी में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



भीषण गर्मी के मद्देनज़र ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलदाय विभाग द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में फतेहपुर गांव में अवैध फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (FHTC) के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।

यह कार्रवाई अधिशासी अभियंता (ExEn) गौरव गुप्ता के निर्देशन में, सहायक अभियंता (AEN) जितेंद्र मीणा के मार्गदर्शन तथा साइट इंचार्ज मनीराम जिंजा की निगरानी में संपन्न हुई। अभियान के दौरान टीम ने गांव में निरीक्षण कर 9 अवैध घरेलू जल कनेक्शनों की पहचान की और उन्हें तत्काल प्रभाव से काट दिया। अधिकारियों के अनुसार, अवैध कनेक्शनों के कारण नियमित उपभोक्ताओं को पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी, जिससे विशेष रूप से गर्मी के मौसम में जल संकट गहराने की आशंका थी। इस कार्रवाई का उद्देश्य जल वितरण प्रणाली को संतुलित करना और प्रत्येक घर तक निर्धारित मात्रा में पानी पहुंचाना है। अधिशासी अभियंता गौरव गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे और अवैध कनेक्शन रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे केवल वैध कनेक्शन का ही उपयोग करें और जल संरक्षण में सहयोग दें। गांव वासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे जल आपूर्ति में सुधार होगा तथा सभी को समान रूप से पानी उपलब्ध हो सकेगा।

## टूटा एनीकट बना खतरा: लाखों की जल संरचना खस्ताहाल, हादसे की आशंका

**दीवारों में दरारें, कई हिस्से क्षतिग्रस्त; जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ी चिंता**

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



कस्बे और बरूदनी क्षेत्र के समीप बेड़च नदी पर बना एनीकट इन दिनों जर्जर हालत में पहुंच गया है। एनीकट की दीवारों में कई जगह बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं, जबकि कुछ हिस्से पूरी तरह टूटकर गिर चुके हैं। इसके चलते लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और पूरी संरचना की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह एनीकट क्षेत्र में जल संचयन का प्रमुख साधन रहा है, जिससे आसपास के किसानों को सिंचाई में काफी लाभ मिलता था। लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण अब इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है।

**संरचना कमजोर, कभी भी हो सकता है हादसा**

मौके की तस्वीरों में साफ नजर आता है कि एनीकट के किनारों से पत्थर और कंक्रीट उखड़ चुके हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो जनहानि की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**कई बार दी सूचना, नहीं हुई कार्रवाई**

ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। एनीकट के क्षतिग्रस्त होने से जल संरक्षण पर असर पड़ रहा है और आसपास के लोगों की सुरक्षा भी खतरे में है।

**मरम्मत और जांच की उठी मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एनीकट की जल्द मरम्मत करवाई जाए, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधायक उदयलाल भडाणा ने लिया तनोट माता का आशीर्वाद

**जैसलमेर बॉर्डर पर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**



मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने जैसलमेर स्थित भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर विराजमान तनोट राय माता के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माता से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की।

विधायक भडाणा के साथ इस अवसर पर ज्ञानगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष लादू लाल गुर्जर, करेड़ा मंडल महामंत्री लहरू लाल गुर्जर, कैलाश गुर्जर, बिहारी लाल, सुशील कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने की मांग को लेकर प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन

**MSP से कम दाम मिलने पर किसानों में रोष, जल्द केंद्र नहीं खुला तो आंदोलन की चेतावनी**

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



क्षेत्र में गेहूं की बंपर पैदावार होने के बावजूद सरकारी खरीद केंद्र (MSP) शुरू नहीं होने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। इस समस्या को लेकर प्रेस क्लब आसींद के संरक्षक दिनेश साहू के नेतृत्व में अध्यक्ष सम्पत शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और तत्काल गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने की मांग की। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) 2735 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर खरीद केंद्र नहीं होने के कारण किसानों को अपनी उपज खुले बाजार में मात्र 2000 से 2200 प्रति क्विंटल में बेचनी पड़ रही है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल ?500 से 700 तक का सीधा नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि आसींद क्षेत्र में 10 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गेहूं की खेती हो रही है, इसके बावजूद यहां खरीद केंद्र की व्यवस्था नहीं की गई है। कम कीमत मिलने से किसानों के लिए लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। वहीं अन्य फसलों जैसे चना की खरीद अलग-अलग केंद्रों पर हो रही है, ऐसे में मुख्य फसल गेहूं के लिए केंद्र नहीं खोलना किसानों के साथ अन्याय है। वार्ता के दौरान उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और जल्द से जल्द खरीद केंद्र शुरू करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रेस क्लब ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही खरीद केंद्र शुरू नहीं किया गया, तो किसान संगठनों के साथ मिलकर जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# शिविरा पंचांग में छुट्टियों की कटौती के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा, जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**




राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2026-27 के शिविरा पंचांग में ग्रीष्मकालीन अवकाश और संस्था प्रधानों की छुट्टियों में की गई कटौती के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 20 अप्रैल को आंदोलन के तृतीय चरण के तहत शिक्षक संगठन ने भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इन कटौतियों को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। शिक्षकों का कहना है कि विभाग द्वारा छुट्टियों में की गई यह कटौती न तो व्यावहारिक है और न ही न्याय संगत, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक समुदाय में भारी असंतोष व्याप्त है।

संगठन ने अपनी मांगों को दोहराते हुए कहा कि संस्था प्रधान के अधिकृत दो अवकाशों को यथावत रखा जाए और ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई 10 दिनों की कटौती को समाप्त किया जाए। यदि विभाग 10 दिनों की कटौती को अनिवार्य मानता है, तो इसके बदले शिक्षकों को नियमानुसार 10 दिन का उपार्जित अवकाश (PL) प्रदान किया जाना चाहिए। इससे पूर्व भी संगठन द्वारा 3 अप्रैल को पत्र लिखकर विरोध दर्ज कराया गया था और 7 अप्रैल को प्रथम चरण में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रकट किया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि विभाग इस अव्यावहारिक आदेश को वापस नहीं लेता है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आगामी 18 मई 2026 को आंदोलन के चौथे चरण के तहत माननीय शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी, कोटा में एक विशाल सांकेतिक विरोध रैली का आयोजन किया जाएगा। शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी जायज मांगों पर विचार नहीं किया जाता, तब तक उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# तिलक दस्तूर में दूल्हे ने वधु पक्ष को सम्मानपूर्वक लौटाए 11 लाख रुपये, पेश की सादगी की अनोखी पहल

**छोटा खेड़ा निवासी कारोबारी भँवर सिंह के पुत्र विजेंद्रपाल सिंह ने शादी समारोह में मिसाल पेश की**

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**




माण्डलगढ़ ओर बेगूं उपखण्ड की सीमा पर स्थित छोटा खेड़ा के राजपूत परिवार के एक दूल्हे ने समाज की परम्परा को तोड़ कर शादी के पवित्र रिश्ते में लेनदेन की रश्मों को समाप्त करने का संदेश समाज को दिया। इस मिसाल की समाज के साथ अन्य लोग भी सराहना कर रहे है।

बडलियास क्षेत्र के निकट छोटा खेड़ा निवासी एक प्रसिद्ध कारोबारी भँवर सिंह राणावत के पुत्र विजेंद्रपाल सिंह की अक्षय तृतीया पर शादी हुई, बारात कपासन क्षेत्र में चाकुड़ा गॉव पहुँची। जहां दूल्हे की बिन्दोली हाथी पर निकली गई।इस दौरान शादी समारोह दूल्हे का तिलक दस्तूर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब चाकूड़ा में राठौड़ परिवार की दुल्हन जय श्री कंवर के पिता राजेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा तिलक दस्तूर के दौरान दूल्हे को दिए गए 11 लाख रुपये सम्मानपूर्वक वापस लौटा दिए। इस कदम ने न केवल समारोह में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया, बल्कि समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण भी पेश किया।

जानकारी के अनुसार, तिलक रस्म के दौरान वधु पक्ष की ओर से परंपरा के तहत 11 लाख राशि का चैक भेंट किया जा रहा था, दूल्हे ने राशि के चैक को माथे पर लगा कर लोटा दिया।केवल 1 रुपया ओर नारियल स्वीकार किया। दूल्हे ओर उनके पिता भँवर सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि वह इस प्रकार की राशि स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि शादी एक पवित्र रिश्ता है, इसे लेन-देन का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। गौरतलब हैं कि भँवर सिंह के बड़े पुत्र की विगत वर्षों में हुई शादी में तिलक दस्तूर में दी गई 11 लाख की राशि को भी स्वीकार नहीं किया था।ओर वापस लौटा दी थी।

दूल्हे के इस फैसले का दोनों परिवारों ने समर्थन किया और कार्यक्रम सादगी के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मौजूद लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और इसे दहेज प्रथा के खिलाफ एक मजबूत संदेश बताया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के उदाहरण समाज में बदलाव की दिशा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं आज के युवाओं से भी अपील की गई कि वे ऐसी कुरीतियों के खिलाफ आगे आएं और समाज को नई दिशा दें।

# जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज, जयपुर में 16 मई से मकान सूचीकरण कार्य शुरू

**1 से 15 मई तक स्व-गणना की सुविधा, डिजिटल तकनीक से होगा डेटा संग्रहण**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया जनगणना को सफल बनाने के लिए जयपुर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना के माध्यम से नागरिकों की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र कर सरकार विभिन्न विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है।

प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि इस अभियान को जनसहभागिता के साथ सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक तक जनगणना का संदेश पहुंचाना जरूरी है, ताकि लोग इसकी महत्ता को समझते हुए सक्रिय सहयोग करें।

जिले में जनगणना 2027 के तहत 38 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 20 तहसीलदार, 2 नगर परिषद आयुक्त और 16 अधिशाषी अधिकारी शामिल हैं। जयपुर जिले की अनुमानित जनसंख्या 35.54 लाख है।

मकान सूचीकरण और गणना कार्य के लिए 5279 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में 4883 प्रगणक और 793 सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। यह कार्य 16 मई से 14 जून तक संचालित होगा।

डिजिटल इंडिया के तहत इस बार जनगणना में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। डेटा संग्रहण के लिए प्रगणक मोबाइल ऐप का उपयोग करेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक सटीक, तेज और पारदर्शी होगी।

आम नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा 1 मई से 15 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। परिवार का कोई भी सदस्य 15 से 20 मिनट में ऑनलाइन विवरण भर सकता है और उसे एक स्श्व द्धष्ठ प्राप्त होगी, जिसे बाद में प्रगणक को सत्यापन के लिए देना होगा।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 1 से 15 मई के बीच अधिक से अधिक स्व-गणना कर जनगणना प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करें।

# नंद-भाभी की जोड़ी बनी मिसालः दोनों ने RAS में लहराया परचम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के लिए गर्व का क्षण सामने आया है, जहां कोटड़ी तहसील के किशनगढ़ गांव की बेटी और जहाजपुर तहसील के अमाल्दा गांव की बहू पिंकी जैन ने RAS 2024 परीक्षा में 874वीं रैंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की है। खास बात यह है कि शादी के बाद भी उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और अपने सपनों को साकार कर दिखाया।






यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि भीलवाड़ा जिले के जैन समाज में पहली बार किसी बहू ने राज्य की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में स्थान बनाया है। पिंकी जैन के पिता सुरेश जैन पेशे से अध्यापक हैं, जबकि उनके पति व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। परिवार का सहयोग उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत बना।

इस सफलता को और खास बनाती है उनकी नंद सुरभि जैन, जो पहले ही RAS 2023 में चयनित होकर जयपुर में प्रशिक्षण ले रही हैं। एक ही परिवार की दो बेटियों का लगातार RAS में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है।

पिंकी जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने नाना-नानी, माता-पिता, ससुराल पक्ष, विशेष रूप से सास और पति अरिहंत कोठारी को दिया। उनका कहना है कि परिवार के समर्थन और विश्वास ने उन्हें हर कठिनाई से लड़ने की ताकत दी।

# हमीरगढ़ में सफाई कर्मियों का प्रदर्शन, कम वेतन और बकाया भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

## पीएफ-ईएसआई नहीं मिलने और समय पर वेतन न मिलने से नाराज कर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़।**

**अनिल डांगी ।** नगर पालिका हमीरगढ़ के सफाई ठेका कर्मियों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी झंवर लाल मित्तल को ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न समस्याओं और कथित शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। कर्मचारियों ने कम वेतन, बकाया भुगतान और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की शिकायत की।

कर्मचारी प्रतिनिधि किशोर कुमार घावरी ने बताया कि सफाई कर्मियों को प्रतिदिन मात्र 200 से 250 रुपये का भुगतान किया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के हिसाब से बेहद कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों का पीएफ और ईएसआई भी नहीं काटा जा रहा, जिससे वे सामाजिक सुरक्षा से वंचित हैं।




कर्मचारियों ने यह भी बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता, जिससे आर्थिक संकट बढ़ रहा है। खासकर महिला कर्मचारियों को मजबूरी में स्वयं सहायता समूहों से ऋण लेना पड़ रहा है और वेतन में देरी के कारण उन्हें ब्याज सहित किस्तें चुकानी पड़ रही हैं।

**तीन माह का बकाया वेतन दिलाने की मांग**

ज्ञापन में कर्मचारियों ने तीन माह का बकाया वेतन दिलाने, पीएफ व ईएसआई की नियमित कटौती लागू करने तथा पिछले चार वर्षों से कार्यरत कर्मियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। साथ ही अप्रैल माह से बढ़े हुए वेतन दर का लाभ देने की भी मांग रखी गई।

**ठेकेदारी व्यवस्था की जांच की मांग**

सफाई कर्मियों ने ठेकेदारी व्यवस्था में अनियमितताओं की जांच कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे सफाई कार्य का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

# परशुराम प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, 501 दीपकों से सजी महाआरती

## निंबार्क आश्रम में गूंजे जयघोष, महिलाओं और युवाओं की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के श्री निंबार्क आश्रम में 'युवा ब्रह्म शक्ति' संगठन की ओर से भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विप्र समाज की महिलाओं और युवाओं का उत्साह देखते ही बना। पूरे आश्रम परिसर में 'जय परशुराम' के जयघोष गूंजते रहे।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम की भव्य महाआरती रही, जो उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर आयोजित की गई। इस विशेष आरती में महिलाओं ने एक साथ 501 दीपक प्रज्वलित किए, जिससे निंबार्क आश्रम का पूरा प्रांगण रोशनी से जगमगा उठा। भक्ति संगीत और शंखनाद के बीच संपन्न हुई इस आरती ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।



कार्यक्रम श्री निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने महंत का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन हंसा व्यास ने किया।

समारोह में संगठन की महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा, जिला अध्यक्ष कमलेश पालीवाल एवं महिला जिला अध्यक्ष सुनीता व्यास के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला।

इस अवसर पर पूजा शर्मा, ऊषा पारीक, वंदना शर्मा, अंजली शर्मा, अपर्णा ओझा, विनोद ओझा, गोपाल नागर, रवि गर्ग, पुरुषोत्तम शर्मा, ओम पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, राजेंद्र पारीक, गोपाल सुखवाल, आशीष शर्मा, निलेश पाराशर, अंश शर्मा, माधव शर्मा, राज शर्मा सहित विप्र समाज के कई गणमान्य नागरिक और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जोगणियां माता धाम में रावणा राजपूत समाज का 9वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न, 21 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिया आशीर्वाद, समाज की एकजुटता और परंपरा पर जोर








**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

मेवाड़ अंचल की प्रसिद्ध धार्मिक स्थली जोगणियां माता मंदिर की पावन धरा पर रावणा राजपूत समाज भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी द्वारा 9वां विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में समाज के 21 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि रावणा राजपूत समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह समाज साहस, वीरता और समर्पण की परंपरा को निभाते हुए समय के साथ स्वयं को ढाल रहा है। उन्होंने समाज के वीर नायक मेजर दलपत सिंह के जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए नवविवाहित जोड़ों को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोढ़ाला ने राजस्व रिकॉर्ड में समाज का एक नाम दर्ज कराने की मांग उठाई। मुख्य संरक्षक दलपत सिंह सांखला ने जोधपुर हवाई अड्डे का नाम हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के नाम पर रखने तथा समाज को राजनीतिक क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी।

क्षेत्रीय विधायक सुरेश धाकड़ ने समाज को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए जोगणियां माता में धर्मशाला निर्माण हेतु विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। आयोजन समिति अध्यक्ष शंभु सिंह सोलंकी ने बताया कि सम्मेलन में तुलसी विवाह सहित सभी वैवाहिक रस्में परंपरागत तरीके से संपन्न हुईं। वहीं महामंत्री शंभु सिंह गहलोत द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर समाज बंधुओं ने मस्क बैंड और जेसीबी के माध्यम से फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाष चंद्र बहेड़िया, संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सम्मेलन में कालू सिंह चौहान, भंवर सिंह भाटी, विक्रम सिंह चौहान, प्रेम सिंह गोड़, भंवर सिंह कानावत, बालू सिंह देवड़ा, सत्यनारायण सिंह, भेरू सिंह राठौड़, बाबू सिंह राणावत, महेंद्र सिंह सोलंकी, श्याम सिंह खेराबाद, हिम्मत सिंह भाटी, पुष्कर सिंह, नारायण सिंह बस्सी, सुरेश सिंह बिलिया, गोपाल सिंह, सोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### निजी विद्यालयों द्वारा बुक व युनिफार्म विशेष बुक डिपो/स्टोर्स से क्रय किये जाने संबंधी शिकायत पर जांच दलों का गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विद्यार्थियों/अभिभावकों द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कार्यालय को बुक व यूनिफॉर्म डिपो एवं निजी विद्यालयों द्वारा मिलीभगत कर किताबें एवं विद्यालय यूनिफॉर्म कुछ विशेष बुक डिपो एवं यूनिफॉर्म स्टोर्स से क्रय करने के लिए बाध्य किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा ने जानकारी देते बताया कि इस संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग जांच दलों का गठन करते हुए जांच रिपोर्ट अनुसार बुक स्टोर्स एवं निजी विद्यालयों की संलिप्तता पाई गई। जिसके तहत डायमंड पब्लिक स्कूल पुर, रॉयल पब्लिक स्कूल तहनाल एवं अमन एज्यूकेशनल स्कूल भदाली खेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नही पाये जाने पर संबंधित विद्यालयों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी

### बड़ला में नानी बाई का मायरा कथा आज से, कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

**चौमुखा नाथ मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा, 5 दिवसीय कथा का आयोजन 24 अप्रैल तक**

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव में पांच दिवसीय श्री नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन 21 अप्रैल, मंगलवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा।

आयोजन से जुड़े रामेश्वर लाल तेली ने बताया कि मंगलवार सुबह 7:15 बजे चौमुखा नाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान हरि बोल प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा व प्रभात फेरी गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि यह पांच दिवसीय कथा मंगलवार से शुक्रवार तक आयोजित होगी। कथा वाचन अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के कथा वाचक अर्जुन राम महाराज (जोधपुर) के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक बड़ला-पिथास रोड स्थित एक निजी विद्यालय में किया जाएगा।

कथा की पूर्णाहुति 24 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 12:15 बजे होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### फैक्ट्री जीएम की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया काम के दबाव का आरोप

**मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल में धरना, पुलिस समझाइश में जुटी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





जिले के रायला थाना क्षेत्र स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में कार्यरत जनरल मैनेजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर काम के अत्यधिक दबाव से मानसिक तनाव पैदा होने का आरोप लगाते हुए मुआवजा और परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, रायला क्षेत्र में स्थित संगम इंडिया फैक्ट्री में जनरल मैनेजर पद पर कार्यरत शिव सिंह (54) सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे ड्यूटी पर पहुंचे थे। कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**परिजनों का आरोप–काम के दबाव ने ली जान**

मृतक के परिजनों का कहना है कि शिव सिंह पूरी तरह स्वस्थ थे, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से लगातार उन पर काम का दबाव बनाया जा रहा था। लेबर व्यवस्था को लेकर वे मानसिक तनाव में थे। चचेरे भाई कान सिंह खारड़ा के अनुसार, रविवार को भी अवकाश नहीं दिया जा रहा था और लगातार लेबर मैनेजमेंट को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। उन्हें डर था कि यदि व्यवस्था नहीं हुई तो नौकरी चली जाएगी।

**मॉर्च्युरी के बाहर धरना, मुआवजे की मांग**


घटना के बाद गुस्साए परिजन और समाज के लोग महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर एकत्रित हो गए और धरना शुरू कर दिया। परिजनों की मांग है कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए तथा उनके बेटे को फैक्ट्री में नौकरी दी जाए। उन्होंने साफ कहा है कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

सूचना मिलते ही रायला, भीमगंज और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से समझाइश का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल मामले को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

परिजनों के अनुसार, शिव सिंह के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है, जिनकी जिम्मेदारी अब अचानक परिवार पर आ गई है। इस घटना के बाद परिवार सदमे में है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुष्कर घाटी बस हादसे पर विधानसभा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान, घायलों से मिलकर जाना हाल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



पुष्कर घाटी में रविवार को हुए दर्दनाक बस हादसे को लेकर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल से दूरभाष पर चर्चा कर हादसे की स्थिति, घायलों की संख्या, उपचार व्यवस्थाओं तथा राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को तत्काल, समुचित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उन्होंने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों, ताकि प्रभावितों को शीघ्र राहत मिल सके।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।